राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने राज्य के विश्वविद्यालयों में 'ऑनलाइन शिक्षण' के प्रभावकारी कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निदेश दिये

पटना, 02 जुलाई 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने राज्य के विश्वविद्यालयों में 'ऑनलाईन शिक्षण' के प्रभावकारी कार्यान्वयन हेतु राज्य के सभी कुलपतियों को आवश्यक निदेश प्रदान किया है।

उक्त संदर्भ में महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति के निदेशानुरूप राज्यपाल सचिवालय ने आज राज्य के सभी कुलपतियों को संबोधित एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें राज्य के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन शिक्षण की प्रभावकारी व्यवस्था कार्यान्वित करने को कहा गया है। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को कहा गया है कि वीडियो–लेक्चर एवं स्टडी मेटेरियल सहित 'इन्टरैक्टिव क्लासेज' एवं 'ई–कन्टेन्ट्स' की अपलोडिंग' के कार्य में पूरी तत्परता बरती जानी चाहिए।

परिपत्र में कहा गया है कि 'इंटरैक्टिव ऑनलाईन क्लासेज' की पूर्व सूचना पर्याप्त समय रहते विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की वेबसाईट पर अनिवार्यतः प्रदर्शित की जानी चाहिए। साथ ही इसकी सूचना ई–मेल एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों से भी प्रत्येक छात्र को पृथक–पृथक दी जानी चाहिए।

राज्यपाल सचिवालय के उपर्युक्त परिपत्र में कहा गया है कि विषयवार (Subject wise) एवं प्रसंगवार (Topic Wise) वीडिया–व्याख्यानों की उपलोडिंग विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की वेबसाइटों, यू–ट्यूब, फेसबुक आदि सोशल साइटों पर भी की जानी चाहिए तथा इनकी लिंक भी उपलब्ध करायी जानी चाहिए ताकि छात्र आवश्यकतानुसार इनसे बाद में भी लाभान्वित हो सकें। विषयवार–प्रसंगवार व्याख्यानों की अपलोडिंग विश्वविद्यालयीय/महाविद्यालयीय वेबसाईट एवं 'Cloud Services' पर भी होनी चाहिए तथा संबंधित लिंकें भी उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिपत्र में सभी कुलपतियों से यह अपेक्षा की गई है कि उत्कृष्ट कोटि की 'ई–कन्टेन्ट' का विशेषज्ञ–समिति द्वारा मूल्यांकन कराते हुए इन्हें राज्यपाल सचिवालय एवं अन्य विश्वविद्यालयों को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि बेहतर अध्ययन–सामग्रियों का 'ऑनलाईन शिक्षण' के क्रम आगे भी उपयोग हो सके।

राज्यपाल सचिवालय ने सभी कुलपतियों से अपेक्षा की है कि वे अपने उपलब्ध संसाधनों एवं शिक्षण–स्रोतों का बेहतर उपयोग ऑनलाईन–शिक्षण की गुणवत्ता विकसित करने हेतु करेंगे। राज्यपाल सचिवालय ने उपर्युक्त संदर्भ में सभी कुलपतियों को साप्ताहिक प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया है।

....